राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा बिजली उत्पादन का लक्ष्य

733. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा विद्युत उत्पादन के संबंध में वर्ष-वार लक्ष्य क्या था और कितना-कितना विद्युत उत्पादित किया गया;

(ख) प्रत्येक परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है और इसी अवधि में प्रत्येक परियोजना के अंतर्गत कितना-कितना उत्पादन हुआ;

(ग) क्या यह सच है कि कोयले की उपलब्धता संबंधी समस्या ही विद्युत उत्पादन में कमी का कारण है; और

(घ) यदि हां, तो इस समस्या के समाधान हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ० एस० वेणुगोपालाचारी): (क) पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) द्वारा विद्युत उत्पादन हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्य तथा वास्तविक विद्युत उत्पादन निम्नवत थे:—

वर्ष	लक्ष्य	आकड़े मिलियन यूनिट में
		वास्तविक विद्युत उत्पादन
1991-92	54847	61574
1992-93	60837	66113
1993-94	66050	76478
1994-95	75000	78383
1995-96	83000	93155

(ख) एन०टी०पी०सी० की प्रत्येक परियोजना की अधिष्ठापित विद्युत उत्पादन क्षमता तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक परियोजना द्वारा उत्पादित विद्युत की मात्रा का ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)।

(ग) और (घ) यद्यपि एन०टी०पी०सी० विद्युत उत्पादन लक्ष्यों को बढ़ाती रही है परन्तु यदि उन्हें अतिरिक्त कोयला उपलब्ध कराया जाता तो इनसे और अधिक विद्युत उत्पादन किया जा सकता था। कोयले की अतिरिक्त मात्रा प्राप्त करने के लिए विद्युत मंत्रालय एन०टी०पी०सी० की सहायता कर रहा है।

विवरण

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के कोयला आधारित केन्द्रों की क्षमता व विद्युत उत्पादन

केन्द्र	वितरण	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95	1995-96
1	2	3	4	5	6	7
एसएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)		2000	2000	2000	2000	2000
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	14034	13503	14641	14290	14983
केएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)		2100	2100	2100	2100	2100
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	13285	13111	14523	13990	15397
आरएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)		2100	2100	2100	2100	2100
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	11275	12384	14593	14496	14742
एफएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)		600	1100	1600	1600	1600
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	3361	3693	3865	5402	6512
बीएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)		1260	1260	1260	1260	1260
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	6627	6294	8296	8646	9272
आरएचएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)		1000	1000	1000	1000	1000
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	6510	6473	6868	6475	7621
एनजीपीटीपीपी क्षमता (मे०वा०)			420	420	420	420
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)		1347	2523	1924	3107

1	2	3	4	5	6	7
एनसीटीपीपी क्षमता (मे०वा०)			600	840	840	840
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)		451	1546	2570	4427
केएचएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)					630	840
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)				586	2405
टीएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०)					500	1000
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)					701
टीटीपीएस क्षमता (मे०वा०)						460
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)					987
एएनजीपीपी क्षमता (मे०वा०)		413	413	413	413	413
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	2395	2052	2593	2342	2606
एयूजीपीपी क्षमता (मे०वा०)		652	652	652	652	652
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	3817	3188	3435	3574	3566
डीजीपीपी क्षमता (मे०वा०)		262	524	817	817	817
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	30	1483	1351	2291	3795
केडब्ल्यूजीपीपी क्षमता (मे०वा०)		106	645	645	645	645
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)	0.18	1461	2244	2105	1960
केजीडीपीपी क्षमता (मे०वा०)		0	0	262	648	648
	विद्युत उत्पादन (मि०यू०)			1.95	396	2374

"आयल पूल एकाउंट" से रुपया निकाला जाना

734. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1993-94 के दौरान, कम वित्तीय घाटा दिखाने के लिए "आयल पूल एकाउंट" से 4000 करोड़ रुपये निकाले गए थे;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त एकाउंट में उपर्युक्त धनराशि फिर से जमा कर दी गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी०आर० बालू): (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

Working Group on Technical aspects of the Indo-Oman Pipeline Agreement

735. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether during the recent visit of the new Commerce and Industry Minister of Oman, an agreement was signed for setting up a joint working group consisting of Gas Authority of India and Oman Oil Company to study the technical aspects of the agreement for long term supply of gas by OOC to India through a $ S billion underwater pipeline;

(b) if so, what are its terms of reference; and

(c) whether feasibility and capability of the Oman Oil Company (OOC) had been studied before the agreement was signed; if so, what are the technical aspects to be studied by the joint working group?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T.R. BAALU): (a) Yes, Sir.

(b) The. Joint Working Group will expedite the feasibility study and identify agencies to finance the project.

(c) The Oman Oil Company had completed the pre-feasibility study before the Agreement was signed.